संख्या- 19/2018/83बीपी/35-1-2018

प्रेषक,

जसजीत कौर,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक: 18 जून, 2018**

विषय: बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत वर्ष 2018-19 में उद्यान विभाग की परियोजनाओं हेतु धनराशि अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बुन्देलखण्ड पैकेज के अधीन वर्ष 2014-15 में शासनादेश संख्या-3/2015/19 बीपी/35-1-2015, दिनांक 27 जनवरी, 2015 के माध्यम से उद्यान विभाग की निम्नांकित 04 परियोजनाओं जिनकी कुल लागत रू. 26.00 करोड़ (अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता रू. 14.23 करोड़ तथा लाभार्थी अंश रू. 11.77 करोड़) पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू. 1.05 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 0.87 करोड़ की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वर्ष 2015-16 में परियोजनाओं के अवशेष कार्यों हेतु रू. 4.58 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 3.92 करोड़ की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वर्ष 2016-17 में परियोजनाओं के अवशेष कार्यों हेतु रू. 7.08 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 5.22 करोड़ की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वर्ष 2017-18 में परियोजनाओं के अवशेष कार्यों हेतु रू. 4.22 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 3.55 करोड़ की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। इस प्रकार परियोजनाओं के कार्यों हेतु वर्ष 2017-18 तक अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के सापेक्ष कुल मिलाकर रू. 13.56 करोड़ की धनराशि व्यय हुई है और रू. 0.67 करोड़ अवमुक्त करने हेतु अवशेष है। एतद्द्वारा उक्त परियोजनाओं हेतु अनुमोदित अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता लागत रू 14.23 करोड़ के सापेक्ष पूर्व में व्यय धनराशि को समायोजित करते हुए विभागीय मांग के अनुरूप निम्न विवरण के अनुसार रू. 0.664 करोड़ (रूपये छाछठ लाख चालीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि करोड़ रू.)

	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत			भारत सरकार से प्राप्त सहायता	2017-18 तक व्यय ए.सी.ए.	अवशेष देय धनराशि	अवमुक्त धनराशि
		कुल	कुल में					
			ए.सी.ए.	लाभार्थी अंश				
	1	2	3	4	5	6	7	8
1	देशी/वाइल्ड बेर में टॉप वर्किंग	5.00	2.50	2.50	2.50	2.36	0.14	0.140
2	हार्टिकल्चर इस्टेट की स्थापना	6.30	3.15	3.15	3.15	2.90	0.25	0.250
3	पोषक वाटिका की स्थापना	2.45	2.45	0.00	2.45	2.19	0.26	0.254
4	सब्जी पट्टी का विकास	12.25	6.13	6.12	6.13	6.11	0.02	0.020
	योग	**26.00**	**14.23**	**11.77**	**14.23**	**13.56**	**0.67**	**0.664**

1. सन्दर्भित शासनादेशों की अन्य शर्तें यथावत् लागू रहेंगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2. इस शासनादेश से उक्त कार्यों की अनुमोदित अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। लाभार्थी अंश के रूप में अपेक्षित धनराशि विभाग द्वारा समन्वय करते हुए जुटाई जायेगी।
3. कार्यों को मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत में वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी और प्रशासनिक विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य/भुगतान की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।
4. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2019 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
5. स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय/प्रगति सम्बन्धी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व उद्यान विभाग का होगा। तदनुसार कार्यवार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की पूर्व निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्रत्येक माह की 07 तारीख तक नियोजन विभाग को प्रेषित की जायेगी।

2- स्वीकृत धनराशि के समक्ष होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के बजट के अनुदान संख्या-40 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-2575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम-02-पिछडे क्षेत्र-800-अन्य व्यय-04- बुन्देलखण्ड की विशेष योजनाएं-17–उद्यान विभाग की परियोजनायें -27–सब्सिडी के नामें डाला जायेगा। उक्त लेखाशीर्ष में प्रश्नगत धनराशि अनुदान संख्या 40 के लेखाशीर्ष 2575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम-02-पिछडे क्षेत्र-800-अन्य व्यय-03-बुन्देलखण्ड की विशेष योजनायें-42-अन्य व्यय की मद में उपलब्ध बचतों से आदेश यूओ संख्या: 08 बीके/35-1-2018, दिनांक 14 जून, 2018 द्वारा पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत की गई है।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(जसजीत कौर)
विशेष सचिव।

संख्या– 19/2018/83बीपी(1)/35-1-2018, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव, उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5- निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी।
6- मण्डलायुक्त, झांसी/चित्रकूट धाम।
7- जिलाधिकारी, झांसी/ललितपुर/जालौन/हमीरपुर/बांदा/महोबा/चित्रकूट।
8- मुख्य विकास अधिकारी, झांसी/ललितपुर/जालौन/हमीरपुर/बांदा/महोबा/चित्रकूट।
9- कोषाधिकारी, झांसी/ललितपुर/जालौन/ हमीरपुर/बांदा/महोबा/चित्रकूट।
10- वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ।
11- गार्ड फाईल।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, झांसी/ललितपुर/जालौन/हमीरपुर/बांदा/महोबा/ चित्रकूट।

आज्ञा से,

(जसजीत कौर)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in